तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 18. 0 डिग्री

हरिभूमि


जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 26 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

धर्मनगरी शिवरीनारायण में प्रतिदिन हो रही महानदी की महाआरती

4



खबर संक्षेप

चक्रवाती तूफान से संभावित वर्षा को देखते हुए जिला प्रशासन ने की तैयारियों की समीक्षा

जांजगीर-चांपा। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, चक्रवाती तूफान के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में 27 से 29 अक्टूबर तक वर्षा होने की संभावना है। इसे देखते हुए कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने अधिकारियों की बैठक लेकर संभावित स्थिति से निपटने के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की।बैठक में अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, मौसम की स्थिति पर लगातार नजर रखने और आवश्यकता के अनुसार त्वरित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला एवं तहसील स्तर पर आपदा प्रबंधन नियंत्रण कक्ष को सक्रिय रखने तथा संबंधित विभागों को अपने मैदानी अमले के साथ समन्वय बनाए रखने को कहा।नगरीय निकायों एवं पंचायतों को संभावित जलभराव से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां रखने के निर्देश भी दिए गए।संभावित वर्षा के मद्देनजर शिवरीनारायण सहित महानदी एवं हसदेव नदी के आसपास के क्षेत्रों की स्थिति पर विशेष नजर रखने को कहा गया।मुनादी के माध्यम से स्थानीय नागरिकों को सतर्क करने तथा नदी किनारे एवं निचले क्षेत्रों में सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए। बैठक में गंगरेल एवं बांगो बांध से पानी छोड़े जाने की स्थिति में संबंधित विभागों को समय पर सूचना साझा करने और आपसी समन्वय बनाए रखने को कहा गया। साथ ही जिला आपदा राहत बल (डीडीआरएफ) को आवश्यक तैयारियां रखने तथा राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) के साथ समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

युवा संसद की जिला स्तरीय चैंपियनशिप 31 अक्टूबर को

जांजगीर-चांपा। 'मेरा युवा भारत' (माय भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 के अंतर्गत विकसित भारत युवा संसद 2027 की जिला स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन 31 अक्टूबर को किया जाएगा। जिला पंचायत सभागार, जांजगीर-चांपा में सुबह 10 बजे से आयोजित इस प्रतियोगिता में युवा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।प्रतियोगिता का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर विचार व्यक्त करने का अवसर प्रदान करने के साथ उनमें लोकतांत्रिक चेतना, संवैधानिक मूल्यों, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। यह पहल विकसित भारत 2047 के संकल्प के अनुरूप युवाओं को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित करेगी। प्रतियोगिता में 18 से 25 वर्ष की आयु के युवा भाग ले सकेंगे।

पामगढ़ क्षेत्र में शराब से दो मौत का खुलासा

पैसे के लेन-देन के विवाद पर शराब में सुहागा मिलाकर किया मर्डर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पामगढ़ में शराब से दो मौत का खुलासा हो गया है। पैसे के लेन-देन के विवाद पर शराब में सुहागा मिलाकर वारदात को अंजाम दिया गया था। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर लिया है। मामले में पुलिस ने सायबर तकनीक का सहारा लेने के साथ ही घटना स्थल का रि-किएशन भी किया। आरोपी की निशानदेही पर शराब की खाली बोतल और सुहागा की पुड़ीया घटना स्थल के पास से जप्त की गई है।

नगर पंचायत पामगढ़ के पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लिनिक संचालक जोहित खरे की 23 अक्टूबर की रात शराब पीने के बाद तबियत बिगड़ी। दोनों को बिलासपुर अस्पताल भेजा गया जहां उनकी मौत हो गई। जांच में पुलिस पता चला कि राजा खरे ने भी उनके साथ शराब पी थी और राजा खरे का जोहित खरे के साथ पैसे के लेन देन का विवाद था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर राजा खरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। राजा खरे ने 4 माह पहले जोहित खरे से 10 लाख रूपये उधार में लिये थे। वह उधारी नहीं चुका पा रहा था और तगादे से परेशान हो चुका था। इसीलिए उसने जोहित खरे को मारने के लिए शराब में सुहागा मिलाकर दिया, लेकिन पार्षद रामखिलावन जांगड़े ने भी उसी बोतल की शराब पी ली, जिससे दोनों की मौत हो गई। मामले का खुलासा करते हुए एस पी विजय पाण्डेय ने बताया कि जोहित खरे की बेटी से पूछताछ कर पता चला कि जोहित खरे और रामखिलावन जांगड़े 23 अक्टूबर को शाम 5 बजे घूमने निकले थे। शाम लगभग 7:30 बजे मनीषा खरे को फोन के माध्यम से सूचना मिली कि उनके पिता जोहित खरे एवं रामखिलावन जांगड़े की तबियत बहुत खराब है और अस्पताल में है। अस्पताल पहुंच कर मनीषा खरे द्वारा अपने पिता जोहित खरे से पूछताछ करने पर पता चला कि पनगांव के राजा उर्फ कमलनाथ खरे द्वारा धोखे से शराब में कुछ मिलाकर पिलाने के बाद से दोनो की तबियत बहुत खराब हुई है। पुलिस द्वारा तत्काल मुखबीर तैनात कर राजा उर्फ कमलनाथ खरे को पकड़ा गया। हिरासत में लेकर पूछताछ के दौरान राजा खरे ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि जोहित लाल खरे से 4 माह पूर्व 10 लाख रूपये उधार में लिये थे। पैसे के लिए जोहित खरे लगातार राजा खरे को तगादा करता था, जिससे दोनों के बीच विवाद चल रहा था। इसीलिए उसने शराब में सुहागा मिलाकर दे दिया। आरोपी राजा खरे के निशानदेही पर खाली शराब का बोतल और सुहागा की पुड़ीया को घटना स्थल के पास से जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।



पुलिस के साथ गिरफ्तार आरोपी।

एक को मारने का था प्लान, पार्षद भी आ गया चपेट में

आरोपी राजा खरे ने पुलिस को बताया कि उसने मुकेश कश्यप से इम्पिरियल ब्लू का 3 क्वाटर शराब खरीदवाया था। मुकेश कश्यप को थाना लाकर पूछताछ करने पर पता चला कि उसने शराब खरीद कर राजा खरे को दिया गया था, दोनो ने मिलकर 1 क्वाटर शराब को पी। राजा खरे ने जोहित खरे और रामखिलावन जांगड़े को हेलीपेड के पास फोन कर बुलाया था जिनके आने पर राजा खरे ने 1 क्वाटर शराब में अपने जेब में रखे पुड़ीया से निकाल कर सुहागा मिलाया। पुलिस की गाड़ी आते देख मुकेश कश्यप भाग गया। इसके बाद कुछ दूर जाकर पार्षद रामखिलावन जांगड़े और निजी क्लिनिक संचालक जोहित खरे ने शराब पी ली। राजा खरे का कहना है कि वह पार्षद रामखिलावन जांगड़े को मारना नहीं चाहता था, लेकिन भी उसी बोतल की शराब पी ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। आरोपी राजा खरे ने शातिर अंदाज में पूरी वारदात को अंजाम दिया। इसके बाद पुलिस को चकमा देने के लिए भी उसने शातिर तरीका अपनाया। घटना के बाद जब पुलिस उसे पकड़ने पहुंची तब उसने भी तबीयत खराब होने का बहाना बनाया। इस पर पुलिस ने उसे उपचार के लिए सिम्स बिलासपुर भेजा, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी।

प्लानिंग कर दिया वारदात को अंजाम

पुलिस की पूछताछ में आरोपी राजा खरे ने बताया कि उसने जोहित खरे से उधारी में अलग-अलग किस्त में 10 दस लाख रुपए लिया था। ट्रेडिंग में नुकसान हो रहा था और जोहित खरे अपने पैसे की वापसी के लिए लगातार दबाव बना रहा था, जिससे मानसिक रूप से अत्याधिक रूप से परेशान था। उसने उधारी चुकाने से मुक्ति पाने के लिए जोहित खरे को किसी तरह से जहर देकर हत्या करने का प्लान बनाया।

जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन चार महीने से खराब

सोनोग्राफी सुविधा होने के बाद भी नही मिल पा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन 4 महीने से खराब चल रही है। वही दुसरी ओर सुविधा होने के बाद भी सोनोग्राफी मशीन का उपयोग नही हो पा रहा है। जिसके कारण मरीज एवं उनके परिजनों को परेशानी उठानी पड़ रही है। इसे लेकर जिम्मेदार प्रबंधन को कोई सरोकार नहीं है।

गौरतलब है कि जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय जांजगीर में सिटी स्कैन मशीन 4 महीने से खराब चल रही है। जिसके कारण कई तरह की बीमारियों से प्रभावित जांच करने वाले रोगियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सोनोग्राफी के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की जांच, गंभीर बीमारियों की सोनोग्राफी करना साथ ही सिटी स्कैन मशीन के माध्यम से मरीज के मस्तिष्क सहित शरीर के अन्य विभिन्न अंगों की जांच सूक्ष्म तरीके से की जाती है, लेकिन सोनोग्राफी मशीन का उपयोग नही हो पा रहा है। जिसके कारण जिला अस्पताल में जांच व्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। इस तरह की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में पामगढ़, अकलतरा, नवागढ़, बलौदा सहित शिवरीनारायण एवं अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग उपचार करने के लिए पहुंचते हैं। इनमें गर्भवती महिलाएं भी शामिल रहती है। वही सोनोग्राफी नहीं हो पाने के कारण उन्हें मजबूरन निजी अस्पताल के माध्यम से सोनोग्राफी करने की मजबूरी बनी रहती है। पहले भी बुधवार एवं शुक्रवार के दिन सोनोग्राफी होना रहता है, लेकिन मशीन का उपयोग नही हो पा रहा है। संबंधित स्पेशलिस्ट चिकित्सक की कमी के कारण सोनोग्राफी जांच प्रभावित हो रही है। इस तरह की समस्या सीटी स्कैन में भी बनी हुई है। जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सर्दी खांसी, जुकाम, मलेरिया, टाइफाइड, पीलिया, किडनी, कैंसर सहित अन्य तरह के गंभीर बीमारियों से प्रभावित मरीज भी उपचार के लिए आते हैं लेकिन कई गंभीर बीमारियों का उपचार जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में नहीं हो पाता। ऐसे में मरीज व उनके परिजनों की दिक्कतें बढ़ जाती है।



भेजी गई जानकारी

जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन खराब है। जिसके कारण मरीजों की जांच प्रभावित हो रही है। मशीन खराब होने की जानकारी उच्च अधिकारियों को दी गई है। साथ ही सोनोग्राफी मशीन का उपयोग भी कराया जाएगा।

-डॉ.बीएल जागृति,
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल जांजगीर

बावन परी का दांव लगाते आधा दर्जन जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जुआ-सट्टा पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस टीम ने दो स्थानों पर दबिश देकर छह जुआरियों को पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 17 हजार रुपए बरामद किए गए है। मुलमुला पुलिस ने तीन जुआरियों से 72 सौ रुपए तो बलौदा पुलिस ने तीन जुआरियों से 10 हजार 3 सौ रुपए बरामद किए है।

पहली कार्रवाई में मुलमुला पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मुलमुला में बरछा के पास दबिश दी। मौके पर काटपत्ती नामक जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान कुछ जुआरी मौके से भाग निकले। पुलिस के कब्जे में आए तीनों जुआरियों से 7,220 रुपये नकद जब्त किए गए। वहीं मौके से 52 पत्ती ताश, एक बोरी और एक मोमबत्ती बरामद की गई। पकड़े गए जुआरियों में मुलमुला निवासी रामगोपाल धीवर (32 वर्ष), दुष्यंत कश्यप (44 वर्ष) और अमरकांत सिंह (55 वर्ष) शामिल है। इसी तरह दूसरी कार्रवाई में बलौदा पुलिस ने बुडगहन जंगल मे जुआ खेलते 3 जुआरियों को पकड़ा है। ग्राम बुडगहन जंगल के पास घेराबंदी कर उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा निवासी सत्यप्रकाश पटेल पिता बाबूलाल पटेल उम्र 32 वर्ष, पुरानी बस्ती जांजगीर थाना जांजगीर निवासी आनंद कुमार राठौर पिता अरूण कुमार उम्र 29 वर्ष, उतरदा थाना हरदीबाजार जिला कोरबा निवासी इन्द्रमणी यादव पिता जमूना प्रसाद यादव उम्र 36 वर्ष निवासी को पकड़ा गया। जुआरियों के कब्जे से 10 हजार 300 रूपये बरामद कर जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम तहत कार्यवाही की गई।



आठ साल की मासूम से दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

शिवरीनारायण। शिवरीनारायण थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना के बाद पीड़ित बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 55 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी पर 8 वर्षीय बच्ची को अपने घर की छत पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। घटना की जानकारी सामने आने के बाद बच्ची को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। फिलहाल बच्ची चिकित्सकों की निगरानी में है। मामले की सूचना मिलने पर शिवरीनारायण पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी छोटेलाल साहू (55 वर्ष) को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। पुलिस घटना से जुड़े तथ्यों की जांच कर रही है। आरोपी से पूछताछ के साथ ही मामले की विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है।

बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर सड़क के बीच जमा नाली का पानी

राज मार्ग पर जानलेवा गड्ढा, हादसों का बढ़ा खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

लोक निर्माण विभाग संभाग जांजगीर-चांपा के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर राज्य मार्ग की बदहाल स्थिति वाहन चालकों के लिए मुसीबत बन गई है। सड़क के बीचोंबीच तालाबनुमा बड़ा गड्ढा बन गया है, जिसमें नाली का पानी भरने के कारण उसकी गहराई का अंदाजा लगाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में यहां से गुजरने वाले वाहन चालक आए दिन दुर्घटना के खतरे का सामना कर रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार इस गड्ढे में गिरने से कई मोटरसाइकिल सवार घायल हो चुके हैं।

गौरतलब है कि जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिर्रा के बसंतपुर-भटगांव मार्ग पर सड़क की स्थिति लंबे समय से परेशानी का कारण बनी हुई है। सड़क के बीच बने बड़े गड्ढे में नाली का पानी भरा होने से वाहन चालकों को यह दिखाई नहीं देता। खासकर मोटरसाइकिल सवारों के लिए यहां से गुजरना बेहद जोखिम भरा हो गया है। अचानक गड्ढे में पहिया पड़ने से वाहन अनियंत्रित हो जाते हैं और चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पर बने इस गड्ढे के कारण अब तक कई लोग गिरकर चोटिल हो चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित लोक निर्माण विभाग द्वारा इसकी मरम्मत कराने की दिशा में ठोस पहल नहीं किए जाने से लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की इस गंभीर समस्या के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी ध्यान नहीं दे रहे हैं, जबकि किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका लगातार बनी हुई है। बसंतपुर-भटगांव मार्ग से प्रतिदिन आवागमन करने वाले वाहन चालकों को इस गड्ढे के कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। नाली का पानी भरा होने से दिन के समय भी गड्ढे की वास्तविक स्थिति का पता लगाना मुश्किल होता है।





खबर संक्षेप

आयोजन के लिए अधिकारियों को सौंपी गई जिम्मेदारियां

कोरबा। राज्य शासन के निर्देशानुसार 2 नवंबर को जिला मुख्यालय स्थित घंटाघर चौक में आयोजित होने वाले राज्योत्सव की तैयारियों को लेकर कलेक्टर कुणाल दुदावत ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। राज्योत्सव का आयोजन सुव्यवस्थित एवं गरिमामय ढंग से संपन्न कराने के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपते हुए समय-सीमा में सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने आयोजन स्थल पर मंच, पंडाल, बैठक व्यवस्था, विद्युत एवं प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा आम नागरिकों की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं और एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों की सहभागिता के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए कलाकारों के चयन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की रूपरेखा, अतिथियों के स्वागत-सत्कार तथा स्थानीय कलाकारों एवं अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारियों को सौंपी गई है। आयोजन स्थल पर विभागीय योजनाओं एवं उपलब्धियों के प्रचार-प्रसार के लिए स्टॉल, बैनर, पोस्टर और प्रदर्शनी की व्यवस्था भी की जाएगी।

पीडीएस में चना बंद होने पर भाकपा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

कोरबा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में लगातार चना आपूर्ति बंद होने और राशन वितरण में भारी अनियमितताओं को लेकर 23 अक्टूबर को भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव पवन कुमार वर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि कोरबा जिले में चना वितरण लगातार बाधित है। अगस्त 2025 से नवंबर 2025 तक 4 माह का चना हितग्राहियों को नहीं दिया गया और माह जुलाई से वितरण पूर्णतः बंद कर दिया गया है, जो राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम का खुला उल्लंघन है। भाकपा ने सवाल उठाया है कि शासन द्वारा बार-बार गरीबों का चना क्यों बंद किया जा रहा है? इसके पीछे वास्तविक कारण क्या है? इसकी स्पष्ट जानकारी सार्वजनिक की जाए। प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि जिले की अधिकांश उचित मूल्य दुकानों में ई-पॉश मशीन का सर्वर डाउन रहना, समय पर राशन न मिलना और अनियमित समय पर दुकान खुलना आम हो गया है। इस संबंध में पूर्व में 30 जनवरी, 21 मई एवं 22 सितंबर को पत्राचार किया गया था पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

राज्योत्सव पर रोशनी से जगमगाएंगे शासकीय भवन

कोरबा। राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिले में 2 नवंबर को एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की उपलब्धियों, योजनाओं और सफल परियोजनाओं की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। आयोजन की मुख्य थीम 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' होगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार कार्यक्रम स्थल पर विभागीय प्रदर्शनी के साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। सांस्कृतिक प्रस्तुतियां गरिमापूर्ण होंगी और कार्यक्रम के दौरान मितव्ययिता का ध्यान रखा जाएगा। शासन की कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों को भी कार्यक्रम में लाभान्वित किया जाएगा। राज्योत्सव के अवसर पर 1 नवंबर से 3 नवंबर तक जिले के सभी शासकीय भवनों में रोशनी की जाएगी। भवनों को 'सशक्त नारी, युवा उड़ान' थीम के अनुरूप सजाया जाएगा। निजी संस्थानों से भी अपने भवनों में रोशनी करने का आग्रह किया गया है।

विद्यार्थियों ने जाना विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया

कोरबा। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल सीतामणी द्वारा कक्षा 9वीं, 11वीं वाणिज्य एवं 12वीं वाणिज्य के छात्र-छात्राओं के लिए अदाणी पावर प्लांट, उरगा (पताड़ी) का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को औद्योगिक कार्यप्रणाली, विद्युत उत्पादन की प्रक्रिया तथा आधुनिक तकनीकी व्यवस्थाओं को करीब से समझने का अवसर मिला। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने पावर प्लांट के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्हें कोयले के माध्यम से विद्युत उत्पादन, बॉयलर, टरबाइन, कंट्रोल रूम तथा बिजली को ग्रिड तक पहुँचाने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। साथ ही औद्योगिक सुरक्षा मानकों और पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी भी दी गई।

12 नवंबर को प्रकाशित होगी प्रारूप मतदाता सूची

कोरबा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 1 जनवरी 2027 के संदर्भ में जिले में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया जाएगा। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मतदान केन्द्रों का युक्तियुक्तकरण 2 नवंबर तक किया जाएगा। प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 12 नवंबर को होगा। सूची के संबंध में दावे और आपत्तियां 12 नवंबर से 11 दिसंबर तक दर्ज कराई जा सकेंगी। प्राप्त दावों और आपत्तियों का निराकरण 28 दिसंबर तक किया जाएगा तथा।

एसईसीएल के निदेशक रमेश चंद्र महापात्र ने दीपका खदान का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अधिकारियों को कोयला उत्पादन बढ़ाने पर दिया जोर



एसईसीएल के निदेशक तकनीकी, संचालन रमेश चंद्र महापात्र ने शनिवार की सुबह दीपका क्षेत्र की खदानों का निरीक्षण कर कोयला उत्पादन, उत्पादकता और परिचालन दक्षता से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए उत्पादन गतिविधियों में तेजी लाने और निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास करने पर जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान महापात्र ने खदानों के विभिन्न वर्किंग फेस, इवैक्यूएशन रूट, टीआरएस, कोल स्टॉक्स तथा बेल्ट कन्वेयर सिस्टम का अवलोकन किया। उन्होंने खनन कार्यों से जुड़ी व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कोयले की सुचारू निकासी, संसाधनों के प्रभावी उपयोग और विभिन्न परिचालन गतिविधियों के बीच बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के लिए कार्यस्थल की तैयारियों, मशीनों के समुचित उपयोग तथा परिचालन संबंधी बाधाओं को समय पर दूर करना महत्वपूर्ण है। खदानों के निरीक्षण के बाद निदेशक ने दीपका क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्षों और कॉन्ट्रैक्टर स्टेकहोल्डर्स के साथ बैठक की। बैठक में कोयला उत्पादन की प्रगति, कार्यस्थलों की तैयारियों तथा खनन एवं कोयला निकासी से जुड़ी परिचालन चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान उत्पादन प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने और निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आवश्यक कदमों पर विचार-विमर्श किया गया। महापात्र ने अधिकारियों और संबंधित स्टेकहोल्डर्स को आपसी समन्वय मजबूत करने तथा कार्यों के निष्पादन में आने वाली बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से समन्वित रूप से कार्य करते हुए उत्पादन गतिविधियों को गति देने और परिचालन दक्षता में सुधार लाने की अपेक्षा की। उन्होंने कोयला उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ सुरक्षा मानकों और निर्धारित कार्यप्रणालियों का पालन सुनिश्चित करने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि खनन गतिविधियों के दौरान सुरक्षित कार्य वातावरण बनाए रखना और निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करना अत्यंत आवश्यक है। एसईसीएल के दीपका क्षेत्र में इस निरीक्षण को उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने, परिचालन व्यवस्था को मजबूत करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रयासों के तहत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

विभिन्न सामाजिक संगठन व समाज के पदाधिकारी हुए शामिल

मासूम के हत्यारे को फांसी दिलाने कैंडल मार्च



कैंडल मार्च में शामिल विभिन्न समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रजगामार चौकी क्षेत्र में 7 वर्षीय मासूम के साथ हुई दुष्कर्म और नृशंस हत्या की घटना के बाद जिले में आक्रोश का माहौल है। इस अमानवीय घटना के विरोध और आरोपी को जल्द से जल्द फांसी दिए जाने की मांग को लेकर विभिन्न सामाजिक संगठनों और नागरिकों द्वारा लगातार प्रदर्शन किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शनिवार को कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में एक शोक सभा का आयोजन किया गया।

प्रेसक्लब के बैनर तले और शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों की सहभागिता से कोरबा प्रेस क्लब तिलक भवन में श्रद्धांजलि सभा हुई। वक्ताओं ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए समाज में बढ़ती इस तरह की जघन्य वारदातों पर गहरा रोष व्यक्त किया। शोक सभा के पश्चात सभी संगठनों और शहरवासियों ने मिलकर तिलक भवन से टीपी नगर चौक तक एक कैंडल मार्च, मोमबत्ती जुलूस निकाला। मार्च में शामिल लोगों ने हाथों में तख्तियां और मोमबत्तियां थाम रखी थीं, जिन पर मासूम को न्याय दो, दरिंदे को फांसी दो जैसे नारे लिखे हुए थे। कैंडल मार्च तिलक भवन से होते हुए टीपी नगर चौक पहुंचा, जहां एक सभा के रूप में बदलकर मृत मासूम बच्ची को नम आँखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उपस्थित नागरिकों और समाज के प्रतिनिधियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान कोरबा प्रेसक्लब के अध्यक्ष नौशाद खान, कायस्थ समाज के प्रदेश महासचिव राकेश श्रीवास्तव, केदारनाथ अग्रवाल, अजय धनोंदिया, अग्रवाल सभा के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, परसराम रमानी, सभापति नूतन सिंह ठाकुर, दीपक कुमार जैन, नरेन्द्र मेहता, साहू समाज के युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष खेमलाल साहू, यादव समाज के रानी यादव, सर्व यादव समाज के शांत यादव, यूथ मुस्लिम कमेटी से आसिफ मिर्जा बेग, जिला अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष रवि शर्मा, पूज्य सिंधी पंचायत के कन्हैयालाल पंजवानी, प्रेमचंद रामचंदानी, गुप्ता समाज से राजेश गुप्ता, छ.ग. चेम्बर ऑफ कॉमर्स कोरबा इकाई से परसराम, छग दिव्यांग शासकी अधिकारी-कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष प्रकाश खाकसे सहित अन्य समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे।

मासूम की हत्या पर पूर्व मंत्री ने जताई संवेदना



रजगामार में सात वर्षीय मासूम भव्या के अपहरण, दुष्कर्म और हत्या की हृदयविदारक घटना पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए मासूम को श्रद्धांजलि दी और इस जघन्य अपराध की कड़ी निंदा की। श्री अग्रवाल ने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और निंदनीय है। इसने पूरे कोरबा को झकझोर कर रख दिया है। मासूम के साथ हुई इस बर्बरता से हर कोई व्यथित है। ऐसी घटना समाज को भीतर तक आहत करती है। एक मासूम बच्ची के साथ इस तरह का अपराध किसी भी सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं हो सकता। पूर्व मंत्री ने कहा कि इस जघन्य अपराध के दोषी को ऐसी कठोर सजा मिलनी चाहिए।



कांग्रेस ने भी किया शोक सभा

रजगामार में घटित अत्यंत निंदनीय घटना की शिकार मासूम बच्ची को श्रद्धांजलि देते हुए इस जघन्य अपराध के खिलाफ अपराधी को फाँसी की सजा की माँग लेकर जिला कांग्रेस कमेटी शहर द्वारा शोक सभा और कैंडल मार्च निकाला गया। जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित थे।

एसी का आउटडोर चोरी करने वाले गिरोह चढ़े पुलिस के हत्थे



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में चोरी एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

खास बात

- चोरी का सामान खरीदने वाले 2 खरीदार भी गिरफ्तार

इसी कड़ी में एसी का आउटडोर चोरी करने वाले गिरोह के विरुद्ध कार्यवाही करने में पुलिस को सफलता मिली है। प्रार्थी प्रमोद कुमार यादव निवासी भदरापारा बाल्को नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि 21 अक्टूबर को हुंडई शोरूम पहुंचने पर सामने लगे एसी का आउटडोर गायब मिला। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान कोतवाली पुलिस ने संदेही आरोपी गुड्डू बरेठ से पूछताछ करने पर उसने एसी का आउटडोर चोरी कर कृष्णा बसोड़ को बेचना स्वीकार किया। कृष्णा बसोड़ ने उक्त सामान सैफ खान उर्फ सोनू खान को बेचना बताया। पुलिस द्वारा चोरी का एसी आउटडोर, नगद रकम एवं एक मोबाइल फोन जप्त किया गया तथा पकड़े गए आरोपियों में निवासी शीतला मंदिर के पास मोतीसागरपारा निवासी गुड्डू बरेठ पिता स्व. फिरतु बरेठ, उम्र 23 वर्ष, बसोड़ मोहल्ला इमलीडुग्गू निवासी कृष्णा बसोड़ पिता नारायण बसोड़, उम्र 22 वर्ष एवं इमलीडुग्गू गौमाता चौक निवासी सैफ खान उर्फ सोनू खान पिता इफ्तिखार आलम उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

उप पंजीयक के आश्वासन पर एक दिवसीय धरना स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल एम्पलाइज थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड में खर्च ऑडिट रिपोर्ट के दौरान भारी अनिमितताएं और ऑफिस खर्च के हिसाब में गड़बड़ी को लेकर सोसाइटी के द्वारा उप पंजीयक अधिकारी को शिकायत कर एक दिन के धरना प्रदर्शन की चेतावनी दी गई थी जिसके बाद उपपंजीयक ने सदस्यों की बैठक बुलाई और उनके शिकायतों को सुनने के बाद जल्द ही सोसायटी का निष्पक्ष पारदर्शी चुनाव कराने व अनिमितताओं को लेकर जांच कमेटी गठित करने का आश्वासन दिया गया जिसके बाद 26 अक्टूबर को प्रस्तावित धरना प्रदर्शन को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

खास बातें

- एसईसीएल एम्पलाइज थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड का मामला
- शिकायत के बाद उप पंजीयक ने निष्पक्ष चुनाव व जांच कमेटी से जांच कराने का दिया आश्वासन



उप पंजीयक को ज्ञापन सौंपते सोसायटी के प्रतिनिधि

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल एम्पलाइज थ्रिफ्ट क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड कोरबा पंजी क्रमांक 31 31 के प्राधिकृत सदस्यों के द्वारा मनमानी ढंग से समिति के पैसों का दुरुपयोग किया जा रहा है। सालाना हिसाब किताब में मीटिंग खर्चा 2 लाख 65 हजार रुपए बताया गया है जबकि मीटिंग में इतना पैसा खर्च हुआ ही नहीं है। जबरदस्ती बिल बनाया गया है इसके अलावा अन्य खर्च 8 लाख 50 हजार हजार रुपए, फर्नीचर खर्च 3 लाख 65 हजार हजार रुपए, प्रिंटिंग खर्चा 3लाख 76 हजार रुपए, कंप्यूटर खर्चा 7 लाख 66 हजार रुपए, स्टेशनरी खर्चा 1 लाख 18 हजार रुपए, ऑफिस खर्चा 1 लाख 97 हजार र रुपए, पूजा गिफ्ट 78 हजार रुपए, सदस्यों को गिफ्ट परचेज 59 लाख एक हजार रुपए बताया गया है। जिस प्रकार से खर्च ऑडिट रिपोर्ट में बताया गया है कोऑपरेटिव में भारी अनियमिताएं हुई हैं ऑफिस खर्चा जो बताया गया है समझ से परे है एवं आधार खर्च का भी उल्लेख है दोनों मिलकर लगभग 19 लख रुपए से भी ज्यादा है अन्य खर्चो का भी जो हिसाब बताया गया है वह भी मनमाने ढंग से बताया गया है जिसकी जांच हेतु वह पंजीयन कोरबा को कोऑपरेटिव के सदस्यों द्वारा शिकायत एवं एक दिन का धरना प्रदर्शन की नोटिस प्रेषित किया गया था जिस पर उपपंजीयक अधिकारी द्वारा गंभीरता से लेते हुए शनिवार को एक बैठक बुलाई गई थी। बैठक में उनके द्वारा सारी बातों को सुना गया और आश्वासन दिया गया कि सोसाइटी में निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव जल्द कराया जाएगा। जिसके लिए प्राधिकृत अधिकारी एवं प्रबंधन को प्रस्ताव हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं। सोसाइटी में जो भी अनियमिताएं हुई हैं उनके जांच हेतु एक कमेटी गठित की जा चुकी है जिसमें एल एन जायसवाल, सहकारी निरीक्षक एवं एचके चौहान सहकारी निरीक्षक जांच करेंगे। जांच अधिकारियों को 15 दिवस के भीतर जांच पूरी करने का आदेश दिया गया है। साथ ही जांच अधिकारी को यह भी आदेश दिया गया है कि कोऑपरेटिव के समस्त वित्तीय एवं प्रशासनिक रिकॉर्ड कैश बुक, बिल वाउचर प्रोसीडिंग रजिस्टर आदि को सीज किया जाए ताकि जो भी बिट्टी आर्थिक गड़बड़ियों की गई हैं निष्पक्ष जांच की जा सके। सोसाइटी में पदस्थ कर्मचारियों की पेमेंट को छोड़कर अन्य किसी भी मदों के खर्चों पर प्रबंध आगामी आदेश तक लगाया गया है एवं प्राधिकृत अधिकारी पब्लिक प्रबंधक लोगों का पावर सीज करते हुए किसी भी प्रकार खर्च न करने पर रोक लगा दिया गया है। जिसकी प्रतिलिपि उपलब्ध कराई गई है 24 अक्टूबर को संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार 26 अक्टूबर को किए जाने वाले धरना प्रदर्शन को स्थगित किया गया। यदि समय अनुसार जांच कार्यवाही नहीं होती है या किसी प्रकार का टालमटोल किया जाता है तो संस्था के सदस्यों द्वारा आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

शहर की प्रमुख सड़कों के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ, उद्योग मंत्री ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा शहर की प्रमुख सड़कों को बेहतर एवं सुगम बनाने की दिशा में डामरीकरण कार्य शनिवार से प्रारंभ हो गया। उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन एवं महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कार्यस्थल पर पहुंचकर चल रहे डामरीकरण कार्यों का अवलोकन किया तथा नगर निगम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

खास बातें

- 20 प्रमुख मार्गों के डामरीकरण के लिए 24 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृति
- समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश



डामरीकरण कार्य का निरीक्षण करते उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन व महापौर।

उल्लेखनीय है कि उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन के प्रयासों से नगर निगम क्षेत्र के 20 प्रमुख मार्गों के सड़क डामरीकरण कार्यों के लिए करीब 24 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। इन विकास कार्यों का भूमिपूजन 19 अक्टूबर को कोसाबाड़ी चौक पर संपन्न हुआ था। इसके पश्चात शनिवार को सोनालिया पुल से ओवरब्रिज मार्ग पर डामरीकरण कार्य प्रारंभ किया गया। निरीक्षण के दौरान उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर के सभी स्वीकृत डामरीकरण कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। साथ ही निर्माण कार्यों को व्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने और आम नागरिकों को आवागमन में अनावश्यक परेशानी न हो, इसका भी ध्यान रखने के निर्देश दिए। शहर की प्रमुख सड़कों के डामरीकरण से नागरिकों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा कोरबा के आधारभूत विकास को नई गति प्राप्त होगी। इस अवसर पर नगर निगम के अधीक्षण अभियंता भूषण उरांव, प्रभारी कार्यपालन अभियंता श्रीमती रुचि वर्मा, एमआईसी सदस्य नरेंद्र देवांगन, चंद्रलोक सिंह, मुकुंद कंवर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रफुल्ल तिवारी, मंडल अध्यक्ष योगेश मिश्रा एवं विजय गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

सचिव की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, सरपंच एवं ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाली


विकासखंड पाली के ग्राम पंचायत चैतमा में पदस्थ सचिव शांति दास मानिकपुरी की कार्यप्रणाली को लेकर सरपंच एवं ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में लंबे समय से कई निर्माण कार्य अधूरे पड़े हैं। कुछ कार्यों के लिए स्वीकृत राशि की एक-दो किस्तों का आहरण भी किया जा चुका है, लेकिन निर्माण कार्य आज भी अधूरे हैं। वहीं, सचिव के नियमित रूप से पंचायत में उपस्थित नहीं रहने और ग्रामीणों के फोन का जवाब नहीं देने की शिकायतें भी सामने आई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, सचिव शांति दास मानिकपुरी के पास चैतमा एवं मानिकपुर, दोनों जगहों का प्रभार है। ग्रामीणों का कहना है कि एक ही स्थान पर लंबे समय से पदस्थ रहने के कारण उनकी कार्यप्रणाली में मनमानी बढ़ गई है। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। ग्रामीणों के अनुसार, ग्राम पंचायत चैतमा क्षेत्र में भरवामुड़ा आंगनबाड़ी भवन, साहब मोहल्ला आंगनबाड़ी भवन, चारपारा आंगनबाड़ी भवन, चैतमा-2 आंगनबाड़ी भवन तथा रेनपुर आंगनबाड़ी भवन सहित कई निर्माण कार्य लंबे समय से अधूरे हैं। बताया गया है कि इनमें से कुछ कार्यों को जुलाई 2025 में स्वीकृति मिली थी और निर्माण के लिए दो किस्तों की राशि भी आहरित की जा चुकी है। ग्रामीणों का आरोप है कि भरवामुड़ा एवं चारपारा के आंगनबाड़ी भवनों का कार्य पूर्णता की ओर है, जबकि साहब मोहल्ला स्थित भवन में केवल छत ढलाई के बाद काम बंद पड़ा है। इसी तरह चैतमा-2 के आंगनबाड़ी भवन का निर्माण केवल डीपीसी स्तर तक ही हो पाया है। अन्य भवनों की वर्तमान स्थिति और निर्माण में देरी के कारणों की भी जांच किए जाने की मांग की जा रही है।

शहर की सड़कों पर 24 घंटे जलती स्ट्रीट लाइटें : सीपीआई

कोरबा। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव साथी पवन कुमार वर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि कोरबा जिले में नगर निगम की स्ट्रीट लाइटें लगातार 24 घंटे जलती रहती हैं, जिसकी शिकायत कलेक्टर एवं निगम आयुक्त को ज्ञापन के माध्यम से कई बार की जा चुकी है। इसी संबंध में 29 जुलाई 2024 को शाम 4:30 बजे आयुक्त प्रतिष्ठा ममगोई नगर निगम कोरबा से मुलाकात कर उन्हें पूर्व में दिए गए पत्र से अवगत कराया गया कि सीपीआई द्वारा वर्ष 2022 से लगातार इस समस्या को उठाया जा रहा है। उसके बावजूद भी आज तक स्ट्रीट लाइटें 24 घंटे जलती रहती हैं। कई बार शिकायत करने के बाद भी समय पर लाइटों को बंद व चालू करना मुनासिब नहीं समझा गया। इस गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण बिजली की बहुत बड़ी क्षति हो रही है और कई स्ट्रीट लाइटें खराब भी हो चुकी हैं, लेकिन संबंधित अधिकारियों द्वारा इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। सीपीआई ने माननीय मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर निवेदन किया कि निगम को अतिरिक्त फंड की व्यवस्था कराई जाए, जिले में हो रही बिजली की क्षति को रोका जा सके, खराब स्ट्रीट लाइटों में सुधार हो सके और उनमें टाइमर लगाने की व्यवस्था हो पाए।





अनुपम खेर संगीत के जादूगर स्टीवी वंडर से मिलकर हुए भावुक

मुंबई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर को स्वीडन के स्टॉकहोम में स्टीवी वंडर के कॉन्सर्ट के बाद बैकस्टेज में उनसे मिलने का खास मौका मिला। यह कॉन्सर्ट वंडर के 50वीं सालगिरह दौरे का हिस्सा था। वंडर से मिलकर अनुपम सचमुच भावुक हो उठे और उन्होंने अपनी खुशी और तस्वीरें इंस्टाग्राम पर साझा कीं। अनुपम ने की वंडर के संगीत और मानवीय कार्यों की सराहना अनुपम ने इस अनुभव को यादगार बताया। उन्होंने कहा, स्टीवी वंडर ने एक के बाद एक गाने गाकर हर सुर से पूरे एरिना को जैसे जादू से भर दिया था। अनुपम ने वंडर की दयालुता की भी खुलकर तारीफ की।

लाइफ Style

दीपिका

'किंग' में शाहरुख संग गाने से मचाएंगी धमाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण आगामी फिल्म 'किंग' के लिए फिर साथ आएंगे। क्रिसमस, 2026 पर इसकी रिलीज से पहले, दोनों कलाकार एक गाने की शूटिंग साथ करने वाले हैं। इसे कोरियोग्राफ करने की जिम्मेदारी कथित तौर पर वैभवी मर्चेंट ने उठाई है।

बताया जा रहा है कि निर्माताओं ने इस सीक्वेंस के लिए तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। गाने की शूटिंग के लिए 26 अक्टूबर का दिन चुना गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस गाने में फिल्म की पूरी कास्ट के शामिल होने की उम्मीद है। निर्माताओं ने इसके लिए मुंबई में तैयारी शुरू कर दी है। हालांकि, गाने का शीर्षक, म्यूजिक कंपोजर और दूसरे क्रिएटिव कोलेबोरेटर्स के बारे में जानकारी अभी सामने नहीं आई है। कहा जा रहा है कि इसकी कोरियोग्राफी वैभवी करेंगी। पहले भी फिल्म के सेट से शाहरुख और दीपिका के कुछ क्लिप सामने आए थे, जिनमें दोनों गाने की शूटिंग कर रहे थे। 'किंग' इस साल की बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म है, जिसका निर्माण शाहरुख के रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले किया गया है। इसके निर्देशन की जिम्मेदारी सिद्धार्थ आनंद ने उठाई है। 2023 में आई 'पठान' और 'जवान' के बाद, शाहरुख इस फिल्म में एक बार फिर एक्शन का तड़का लगाते दिखेंगे। फिल्म में सुहाना खान, अभिषेक बच्चन, रानी मुखर्जी, जयदीप अहलावत और अरशद वारसी समेत कई सितारे अहम किरदारों में नजर आएंगे। यह 24 दिसंबर, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी।



हॉलीवुड मसाला



'टॉम एंड जेरी' की धमाकेदार वापसी...

लॉस एंजिल्स। टॉम और जेरी एक नए एडवेंचर पर निकल रहे हैं। उनकी फिल्म 'टॉम एंड जेरी: फॉरबिडन कंपास' 23 अक्टूबर, 2026 को भारत के सिनेमाघरों में आ रही है। इस बार वे पूर्वी पौराणिक कथाओं से प्रेरित एक पुरानी दुनिया की खोज करेंगे। खास बात यह है कि पहली बार ये दोनों 3डी सीजीआई में पूरी तरह एनिमेटेड दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन गैंग झांग ने किया है, जो उनकी पुरानी भाग-दौड़ को एक नया अंदाज देगी। भारत में 50 से ज्यादा सिनेमाघरों में रिलीज होगी फिल्म यह फिल्म कई देशों के स्टूडियो की मेहनत का नतीजा है।



'द ब्रैडी बंच' के अभिनेता माइकल ग्रे का हुआ निधन

लॉस एंजिल्स। मशहूर 'शजाम' सीरीज में बिली बैटसन का यादगार किरदार निभाने वाले माइकल ग्रे का 75 साल की उम्र में निधन हो गया है। उनकी मौत प्राकृतिक कारणों से हुई। उनका निधन 16 अक्टूबर को कैलिफोर्निया के पाम डेजर्ट में हुआ। उन्होंने अपने पीछे एक ऐसी विरासत छोड़ी है, जो आज भी पुराने और नए दोनों तरह के फैंस से जुड़ी हुई है। माइकल ने सबसे पहले टीवी पर 'रूम 222' और 'द फ्लाइंग नन' जैसे शोज में काम करके अपनी पहचान बनाई, लेकिन उन्हें असली शोहरत 'शजाम' में बिली का किरदार निभाकर मिली, जो कैप्टन मार्वल में बदल सकते थे। हालांकि, बाद में उन्होंने हॉलीवुड से दूसरी बना ली थी। उन्होंने 'शजाम फ्यूरी ऑफ द गॉड्स' (2023) में एक छोटा लेकिन यादगार भूमिका भी की थी, जिससे पता चलता है कि उनकी कहानी आज भी लोगों के दिलों में है।



'तनु वेड्स मनु-3' में नहीं दिखेंगी कंगना

मुंबई। कंगना रनौत और आर माधवन की लोकप्रिय फिल्म 'तनु वेड्स मनु' तीसरी कड़ी के साथ वापसी करने जा रही है। करीब एक दशक से ज्यादा समय बाद निर्माता 'तनु वेड्स मनु: द नेक्स्ट चैप्टर' लेकर आ रहे हैं। कुछ समय पहले ही फिल्म का ऐलान किया गया था, जिसके बाद से फैंस इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, इस बार कहानी पुराने किरदारों को आगे बढ़ाने के बजाय एक नए अध्याय के रूप में पेश की जाएगी। निर्देशक मिताक्षरा 'तनु वेड्स मनु 3' पर काम कर रही हैं। बताया जा रहा है कि इस रोमांटिक कॉमेडी में कंगना और माधवन के किरदारों की कहानी आगे नहीं बढ़ेगी। इसके बजाय फिल्म में नई और युवा कलाकारों की टोली नजर आएगी। 'मिड-डे' से बातचीत में मिताक्षरा ने कहा, हम एक नई और युवा कास्ट के साथ आ रहे हैं।



श्रेयस व सुभाष ने 20 साल बाद मिलाया हाथ

मुंबई। श्रेयस तलपड़े और दिग्गज फिल्मकार सुभाष घई नई फिल्म 'मान्या' के लिए साथ आए हैं। सिनेमा में 50 साल पूरे करने के उपलक्ष्य में, घई ने ऐलान किया है कि उनका प्रोडक्शन हाउस, मुक्ता आर्ट्स श्रेयस के साथ फिर से काम कर रहा है। यह परियोजना 20 साल बाद उनकी वापसी का प्रतीक होगी। इससे पहले, श्रेयस और घई ने 2005 में आई फिल्म 'इकबाल' में काम किया था। इसमें अभिनेता एक उभरते हुए क्रिकेटर के किरदार में दिखे थे। घई ने श्रेयस के साथ काम करने पर कहा, इस फ़िल्म के लिए श्रेयस तलपड़े के साथ काम करना एक शानदार अनुभव रहा है। वह एक बहुत ही वर्सेटाइल एक्टर हैं जिन्होंने 'इकबाल', 'अपना सपना मनी मनी' (2006) और 'गोलमाल अगेन' (2017) जैसी फिल्में के जरिए अपनी रेंज दिखाई है।

टीवी मसाला



कपिल शर्मा के निशाने पर आए 'पहला प्यार दूसरी बार' के नए कपल्स

मुंबई। लव रंजन की 'पहला प्यार दूसरी बार' सिनेमाघरों में दर्शकों का दिल जीत रही है, वहीं फिल्म की लीड स्टार कास्ट को कपिल शर्मा के शो में उनके खास मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी का सामना करना पड़ा। अनुज सैनी के डायरेक्शन और लव रंजन के प्रोडक्शन में बनी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। यह फिल्म आज के रिश्तों, स्कूल रीयूनियन और प्यार को दूसरा मौका मिलने की कहानी को एक नए और दिलचस्प अंदाज में पेश करती है। फिल्म में स्पर्श वालिया, अलीशा चोपड़ा, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर जैसे नए चेहरे नजर आ रहे हैं। फिल्म कॉमेडी, शानदार म्यूजिक और इमोशन्स का अच्छा मेल पेश करती है, जो दर्शकों को पसंद आ रहा है। रिलीज के बाद से ही फिल्म को दर्शकों की ओर से पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिल रहा है और इसकी तारीफ हो रही है। इस तरह फिल्म दर्शकों का दिल जीतने वाली एक बेहतरीन एंटरटेनर बनकर सामने आई है। फिल्म को लेकर चर्चा उस वक्त और बढ़ गई, जब हाल ही में इसकी पूरी स्टार कास्ट 'द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो' में पहुंची। यहां होस्ट कपिल शर्मा ने अपने खास मजाकिया अंदाज में कलाकारों की टांग खींची और कपल्स की जमकर खिंचाई की। लव फिल्म्स की ओर से शेयर किए गए एक मजेदार प्रमोशनल वीडियो में कपिल युवा कलाकारों से मजाक करते और उनसे अचानक अपने शो में आने की वजह पूछते नजर आ रहे हैं।

'बिग बॉस 20': माही विज हुईं भावुक

मुंबई। सलमान खान के शो 'बिग बॉस 20' में माही विज बतौर प्रतियोगी नजर आ रही हैं। हालिया एपिसोड में अरिश्फा खान से झगड़े के बाद,



माही अपने निजी संघर्ष को याद करके भावुक हो गई थीं। उन्होंने बताया था कि कैसे वह अपनी बेटी तारा की परवरिश अकेले कर रही हैं। अब माही के पति और अभिनेता जय भानुशाली उनके समर्थन में आए हैं। उन्होंने कहा कि भले उनका तलाक हो गया, लेकिन माही और तारा हमेशा उनकी जिम्मेदारी रहेंगे। माही की टीम ने उनके इस भावुक पल का वीडियो इंस्टाग्राम पर साझा किया था। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए जय ने कहा, माही, मजबूत रहो। हम दोनों जानते हैं कि मुश्किल समय में हम हमेशा एक-दूसरे का साथ देंगे। पैसा कभी हमारे बीच बाधा नहीं बना और न कभी बनेगा। तुम और तारा जिंदगी भर मेरी जिम्मेदारी रहोगी। शादी का रिश्ता तुम दोनों के लिए मेरे प्यार और सम्मान को कभी नहीं बदल सकता।

मधुबाला और मीना कुमारी की बायोपिक पर रोक, क्या है दोनों फिल्मों में देरी की वजह?

मुंबई। मधुबाला और मीना कुमारी बॉलीवुड के वो नाम हैं, जो किसी परिचय के मोहताज नहीं। इन दोनों दिग्गज अभिनेत्रियों पर 2 बायोपिक बनाई जा रही हैं। हालांकि, खबरों के मुताबिक, अभी उन्हें रोक दिया गया है। फिल्मफेयर के मुताबिक, दोनों फिल्मों में देरी हो रही है और अभी ये स्पष्ट नहीं है कि ये कब आगे बढ़ेंगी। लंबे समय से इन फिल्मों की चर्चा चल रही है, लेकिन इनके निर्माण की दिशा में खास कदम नहीं उठाए गए हैं।



मधुबाला में भी हो रही देरी

खबरों के मुताबिक, मधुबाला की बायोपिक में उनका किरदार सारा अर्जुन निभाने वाली हैं। इस फिल्म का निर्देशन जसमीत के रीन करने वाले हैं और संजय लीला भंसाली इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट कर रहे हैं। शुरुआत में इस फिल्म को बजट से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ा, लेकिन भंसाली के जुड़ने के बाद काम ने रफ्तार पकड़ ली थी। हालांकि, इसके आगे की प्रगति के बारे में कोई जानकारी नहीं है। फिलहाल, दोनों फिल्में होल्ड पर हैं।

क्यों हो रही है इन फिल्मों की शूटिंग में देरी?

अब तक निर्माताओं ने इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी है कि इन फिल्मों की शूटिंग कब शुरू हो सकती है। मीना कुमारी की बायोपिक से फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा बतौर निर्देशक अपना सफर शुरू करने वाले थे और खबर थी कि इसमें कृति सेनन मुख्य भूमिका निभाएंगी। हालांकि, मनीष के फिल्म से अलग होने के बाद मुख्य भूमिका के लिए कियारा आडवाणी का नाम चर्चा में आया। हालांकि, इसकी कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

प्रियंका के जाते ही विद्या ने संभाली कमान 19 साल बाद सैफ से मिलाया हाथ

मुंबई। सैफ अली खान अपनी 'परिणीता' सह-कलाकार विद्या बालन संग रितेश बत्रा की फिल्म में नजर आएंगे। मुंबई में शूटिंग कर रही ये जोड़ी 19 साल बाद साथ आई है। पहले इस रोल में प्रियंका चोपड़ा नजर आने वाली थीं, लेकिन उनके अलग होने के बाद विद्या बालन की एंट्री हुई। भले ही सैफ-विद्या की आखिरी फिल्म 2007 में 'एकलव्य' थी, पर सेट के सूत्रों का कहना है कि उनकी केमिस्ट्री देखकर लगता है जैसे कल ही साथ काम किया हो।

सैफ निभाएंगे सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार : मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में सैफ के साथ एक और अभिनेत्री नजर आएंगी। ये भूमिका मशहूर फ्रांसीसी अभिनेत्री, निर्देशक और गायिका मेलानी लॉरेंट निभाएंगी। लॉरेंट ने फ्रेंच और हॉलीवुड सिनेमा में अपनी खास पहचान बनाई है। उधर 'द लंचबॉक्स' के निर्देशक रितेश बत्रा इससे पहले इरफान खान, रॉबर्ट रेडफोर्ड और जिम ब्रॉडबेंट जैसे कलाकारों के साथ काम कर चुके हैं। अब वो सैफ के साथ नई फिल्म बना रहे हैं, जिसमें सैफ अपने करियर का सबसे चुनौतीपूर्ण किरदार निभाएंगे।



प्रियंका क्यों हुईं प्रोजेक्ट से बाहर?

फिल्म एक प्रेम कहानी है, जिसमें पारिवारिक ड्रामा भी देखने को मिलेगा। पहले इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा के होने की चर्चा थी, लेकिन शूटिंग की तारीखें न मिलने के कारण उन्होंने ये प्रोजेक्ट छोड़ दिया। 21 अक्टूबर से मुंबई में फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। प्रियंका के फिल्म से बाहर होते ही विद्या बालन ने कमान संभाल ली। अब फैंस सैफ और विद्या की जोड़ी को दोबारा बड़े पर्दे पर देखने के लिए बेहद उत्सुक हैं।

'फौजी' के टीजर में दिखा दबंग अवतार, फर्स्ट लुक ने लूटी वाहवाही

'खून भी लूंगा और आजादी भी, छीन के', रिबेल सोल्जर बने प्रभास

मुंबई। *पैन इंडिया स्टार प्रभास इन दिनों कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में प्रभास 'कल्कि 2' से लेकर 'सलार 2', 'स्पिरिट' और 'फौजी' जैसी फिल्मों में नजर आने वाले हैं। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को प्रभास का 47वां जन्मदिन था, इस मौके पर उनकी आने वाली फिल्मों के निर्माताओं ने फिल्म के पोस्टर, बीटीएस वीडियो और टीजर जारी कर फैंस को सरप्राइज दिया। 'फौजी' के निर्माताओं ने भी फिल्म से अभिनेता का फर्स्ट लुक और एक नया टीजर जारी किया है। साथ ही, फिल्म की थिएट्रिकल रिलीज की तारीख का भी ऐलान कर दिया है। इस खबर ने प्रभास के फैंस को भी खुश कर दिया है।*

'फौजी' का टीजर जारी

'फौजी' के निर्माताओं ने 2 मिनट 31 सेकंड का टीजर जारी किया, जिसमें प्रभास एक उग्र और दमदार अवतार में नजर आ रहे हैं। आजादी से पहले के दौर पर आधारित, 'फौजी' में प्रभास एक ऐसे बागी सैनिक की भूमिका में नजर आने वाले हैं, जो अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है।

गोलियों की बौछार के बीच प्रभास

टीजर में प्रभास एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं और गोलियों की बौछार देखने को मिलती है। इसमें प्रभास के किरदार को भारत का सबसे बड़ा बागी सैनिक" बताया गया है, जो 1932 से ही वांटेड है। ऐसा लगता है कि उनकी कहानी ब्रिटिश शासन के खिलाफ लड़ाई के इर्द-गिर्द घूमती है। टीजर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, 'पेश है डिक्लासिफाइड फाइल नंबर 25 - फौजी, 19 मार्च 2027 को सिनेमाघरों में।'



फौजी का टीजर

'फौजी' कब रिलीज हो रही है? तेलुगु पीरियड ड्रामा 'फौजी' 19 मार्च, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। पहले यह फिल्म 3 दिसंबर, 2026 को रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसकी रिलीज को टाल दिया गया था। नानी की फिल्म 'द पैराडाइज' के प्री-रिलीज इवेंट में, प्रोड्यूसर रवि शंकर ने फिल्म के पोस्टपोन होने की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया कि इस अतिरिक्त समय का इस्तेमाल इस बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए किया जाएगा।

'फौजी': कास्ट और क्रू

हनु राघवपुडी के निर्देशन में बन रही 'फौजी' में प्रभास और इमानवी मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके साथ अनुभवी अभिनेता अनुपम खेर और अन्य कलाकार भी नजर आएंगे। इस फिल्म को नवीन यरनेनी, वाई रवि शंकर और भूषण कुमार ने 'मैथरी मूवी मेकर्स' के बैनर तले प्रोड्यूस किया है, और टी-सीरीज फिल्म्स द्वारा पेश किया जा रहा है। काम की बात करें तो, प्रभास आखिरी बार 'द राजा साब' में नजर आए थे। उनके पास कई और प्रोजेक्ट्स भी हैं, जिनमें संदीप रेड्डी वांगा की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट', नाग अश्विन की 'कल्कि 2898 एडी' का सीक्वल और प्रशांत नील की 'सालार 2' शामिल है।

खबर संक्षेप

जिलाध्यक्ष बने हनुमान, सपना को महिला प्रकोष्ठ की कमान



अकलतरा। स्थानीय रामकुटी मंदिर में श्री वैष्णव सामाजिक संगठन, जिला जांजगीर-चांपा की निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बैठक श्री वैष्णव महासभा द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षकों की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में जिले के पांचों विकासखंडों के साथ ही जिला एवं जिला महिला प्रकोष्ठ के अध्यक्षों का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसमें हनुमान वैष्णव को जिला अध्यक्ष तथा सपना वैष्णव को जिला महिला प्रकोष्ठ का अध्यक्ष चुना गया। बैठक में विकासखंडवार अध्यक्षों का भी चयन किया गया। इसके तहत अकलतरा विकासखंड से ब्रज किशोर वैष्णव, बलौदा से सरोज कुमार वैष्णव, पामगढ़ से लखनदास वैष्णव, बम्हनीडीह से दिलीप वैष्णव तथा नवागढ़ विकासखंड से देवराम वैष्णव को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनियुक्त अध्यक्षों ने समाज के सर्वांगीण विकास, सामाजिक एकता और संगठन की मजबूती के लिए सभी वैष्णव समाजजनों से छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा के बैनर तले एकजुट होकर समाजहित में कार्य करने की अपील की। उन्होंने सामाजिक गतिविधियों को गति देने तथा समाज के विकास में सभी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर पर्यवेक्षक शिव कुमार वैष्णव, अजयदास वैष्णव, युवराज दास वैष्णव एवं कमलेश वैष्णव सहित तुलसी दास वैष्णव, रमेश वैष्णव, कन्हैया दास वैष्णव, यज्ञ देवशरण वैष्णव, कार्तिक दास वैष्णव, भूषण वैष्णव, वेद प्रकाश वैष्णव, देवकी वैष्णव, ममता वैष्णव, पार्वती वैष्णव सहित जिले के बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु एवं मातृशक्ति उपस्थित रहे।

जिला देवांगन कल्याण समाज के जिलाध्यक्ष बने लक्ष्मीचंद

चांपा। जिला देवांगन कल्याण समाज, जांजगीर-चांपा की नई जिला कार्यकारिणी का गठन शनिवार को केरा रोड स्थित छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी भवन में सर्वसम्मति से किया गया। निर्वाचन में लक्ष्मीचंद देवांगन (चांपा) को समाज का जिलाध्यक्ष चुना गया। वहीं घनश्याम कुमार देवांगन को पुनः जिला सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर समाज के संरक्षक अनाराम देवांगन, पूर्व अध्यक्ष नरेशचंद देवांगन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाज के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन बलीराम देवांगन, प्रधान पाठक केसला ने किया। निर्वाचन प्रक्रिया निर्वाचन अधिकारी बसंत कुमार देवांगन, प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शिवरीनारायण तथा सह-निर्वाचन अधिकारी धनेश्वर देवांगन, व्याख्याता सारागांव और कांता प्रसाद देवांगन, प्रधान पाठक सिंधुल की देखरेख में संपन्न हुई। नई कार्यकारिणी में कृष्ण कुमार देवांगन (कुरदा), भोलाराम देवांगन (करनौद) और महेंद्र देवांगन (केरा) को उपाध्यक्ष बनाया गया। उदय देवांगन (सिवनी) को कोषाध्यक्ष, जबकि सुरेश देवांगन (चांपा), भरत कुमार देवांगन (सिवनी), सुखदेव देवांगन और खीरचंद देवांगन (सारागांव) को संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गई। कांति देवांगन (चांपा) मीडिया प्रभारी बनाए गए। जिला युवा संगठन के अध्यक्ष जितेंद्र देवांगन (जांजगीर) चुने गए। ब्रजेश देवांगन (केरा) और राजेश देवांगन (चांपा) उपाध्यक्ष, मूलचंद देवांगन (बिर्रा) सचिव, सत्यानंद देवांगन (सिवनी) संयुक्त सचिव तथा मनोज देवांगन (केरा) कोषाध्यक्ष बनाए गए। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अर्चना देवांगन (अध्यक्ष, नगर पंचायत नवागढ़), उपाध्यक्ष शारदा देवांगन (अध्यक्ष, जनपद पंचायत बलौदा) और सचिव संध्या देवांगन (सिवनी) चुनी गईं। क्षेत्रीय संगठन में विनोद देवांगन (चांपा) को बम्हनीडीह शहरी अध्यक्ष, मनोज देवांगन (बिर्रा) को बम्हनीडीह ग्रामीण अध्यक्ष, राजू देवांगन (केरा) को नवागढ़ अध्यक्ष और रेशम लाल देवांगन को बलौदा अध्यक्ष बनाया गया। संरक्षक मंडल में अनाराम देवांगन (पोड़ीशंकर), नरेशचंद देवांगन (केरा), किशन देवांगन और दिलचंद देवांगन (चांपा), ईश्वर देवांगन (केरा), छतराम देवांगन (सरखों) तथा नारायण देवांगन (बिर्रा) को शामिल किया गया।



निधन

श्रीनाथ चौधरी

अकलतरा। नगर के राजेन्द्र कुमार सिंह उच्चतर माध्यमिक शाला के सेवानिवृत शिक्षक श्रीनाथ चौधरी का 82 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। अंतिम यात्रा में परिजन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे नवीन कुमार चौधरी के पिता थे।



गोधना और कुरियारी के किसानों को फसल सूखने का सता रहा डर, ऊपरी गांवों में पानी रोकने से बढ़ी समस्या

टेल एरिया में नहीं पहुंच रही नहर की पर्याप्त धार, किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत टेल एरिया में स्थित आदर्श ग्राम गोधना और ग्राम कुरियारी में नहर से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंचने के कारण किसान परेशान हैं। खेतों तक सिंचाई के लिए पानी नहीं पहुंच पाने से किसानों को अपनी फसल सूखने की चिंता सताने लगी है। एक ओर किसान अपनी फसल को बचाने के लिए पानी की व्यवस्था करने में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर नहर में पानी की कम धार और ऊपरी गांवों में पानी रोके जाने की समस्या ने उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। समय पर पर्याप्त पानी नहीं मिलने से किसानों को आर्थिक नुकसान होने की आशंका है।

जानकारी के अनुसार आदर्श ग्राम गोधना एवं ग्राम कुरियारी टेल एरिया में स्थित होने के कारण नहर के पानी पर निर्भर हैं। इन गांवों के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। समस्या को देखते हुए दोनों गांवों के सरपंचों द्वारा तालाब के गेट ऊपर उठाकर खेतों तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके बावजूद किसानों की जरूरत के अनुसार पानी की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं हो पा रही है। नहर में पानी की धार कम होने के कारण खेतों तक पर्याप्त पानी पहुंचाना चुनौती बना हुआ है। किसानों की परेशानी का एक प्रमुख कारण ऊपरी गांवों में पानी रोका जाना बताया जा रहा है। किसानों के अनुसार, ऊपर की ओर स्थित गांवों में कुछ किसानों द्वारा नहर के पानी को हेड पर ही रोक लिया जाता है। इससे नहर के अंतिम छोर पर स्थित गोधना और कुरियारी तक पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं पहुंच पाता। परिणामस्वरूप टेल एरिया के किसानों को सिंचाई के लिए पानी की कमी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि नहर से पानी की आपूर्ति सभी गांवों तक समान रूप से और निर्धारित व्यवस्था के अनुसार होनी चाहिए। यदि ऊपरी क्षेत्र में ही पानी रोक लिया जाएगा, तो अंतिम छोर पर स्थित गांवों के खेतों तक पानी पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। ऐसी स्थिति में टेल एरिया के किसानों की खेती प्रभावित होना स्वाभाविक है। नहर में पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने के कारण किसानों के बीच भी तनाव की स्थिति निर्मित हो रही है। प्रत्येक किसान अपनी फसल को बचाने के लिए खेतों तक पानी पहुंचाना चाहता है, लेकिन पानी की कमी के चलते आपसी विवाद की आशंका बढ़ रही है। सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं होने पर किसानों को एक-दूसरे पर निर्भर रहना पड़ रहा है। इससे खेती-किसानी के कार्यों में भी बाधा उत्पन्न हो रही है।किसानों का मानना है कि यदि समय रहते नहर में पानी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित नहीं की गई और जल वितरण की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है। फसलों को समय पर पानी नहीं मिलने से उनकी वृद्धि प्रभावित होने के साथ उत्पादन में कमी आने की आशंका भी बनी हुई है। टेल एरिया में पानी की समस्या बने रहने के बावजूद नहर विभाग द्वारा उचित कार्रवाई नहीं किए जाने को लेकर सवाल उठ रहे हैं। किसानों को उम्मीद है कि विभाग के अधिकारी मौके की स्थिति का निरीक्षण कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएंगे। साथ ही ऊपरी गांवों में पानी रोकने की शिकायतों की जांच कर जल वितरण की व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा, ताकि अंतिम छोर पर बसे गांवों के किसानों को भी सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी मिल सके। गोधना और कुरियारी के किसानों के सामने इस समय अपनी फसल को बचाने की चुनौती है। नहर से पर्याप्त पानी नहीं मिलने के कारण किसानों की चिंता लगातार बढ़ रही है। किसानों का कहना है कि सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराना संबंधित विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि किसी भी किसान को पानी के अभाव में नुकसान न उठाना पड़े। अब देखना यह है कि जल संसाधन विभाग टेल एरिया के किसानों की समस्या को कितनी गंभीरता से लेता है और गोधना एवं कुरियारी तक पर्याप्त पानी पहुंचाने के लिए क्या कदम उठाता है। यदि समय रहते जल वितरण की व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया, तो किसानों को फसल उत्पादन में कमी और आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।



नहर की पतली धार एवं तालाब का गेट ऊपर उठाकर खेतों में की जा रही जलापूर्ति।



अपर कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर पीवी ऐप सर्वे कार्यों का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

नवपदस्थ अपर कलेक्टर नवीन भगत द्वारा अपर कलेक्टर के एस पैकरा के साथ ग्राम दर्राभाठा के दूरस्थ खेतों में पहुंचकर पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर ने सर्वे कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया। उन्होंने सर्वे कार्य में लगे सर्वेयर सहित संबंधित राजस्व अधिकारियों, कृषि विभाग, सहकारिता विभाग एवं अन्य संबंधित अधिकारियों को डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य पूरी सावधानी एवं सटीकता के साथ त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए।

■ सर्वे कार्य के दौरान नहीं छूटना चाहिए किसी भी किसान का रकबा अथवा खसरा

कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन द्वारा जिले में चल रहे पीवी ऐप सर्वे कार्यों को पूरी गंभीरता से और निर्धारित समय सीमा में त्रुटि रहित प्रविष्टि पूर्ण किए जाने के लिए राजस्व अधिकारियों सहित कृषि विभाग, पंचायत विभाग सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारियों कर्मचारियों को फील्ड में जाकर कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत अपर कलेक्टर नवीन भगत द्वारा ग्राम दर्राभाठा पहुंचकर पीवी ऐप के माध्यम से किए जा रहे डिजिटल क्रॉप सर्वे कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य के दौरान किसी भी किसान का रकबा अथवा खसरा छूटने नहीं चाहिए। उन्होंने कहा कि सर्वे के दौरान सभी आवश्यक जानकारियों का सही-सही संकलन सुनिश्चित किया जाए, ताकि सर्वे का कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुरूप पूर्ण हो सके। उन्होंने किसानों से सर्वे कार्य में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि पीवी ऐप सर्वे एवं एग्रीस्टैक पंजीयन से वंचित शेष किसान अपना पंजीयन अवश्य कराएं, ताकि कोई भी पात्र किसान इस प्रक्रिया से छूटने न पाए। निरीक्षण के दौरान सहकारिता अधिकारी अश्वनी पांडेय सहित संबंधित सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

बगड़िया भवन में आध्यात्मिक सत्संग का आयोजन, बड़ी संख्या में श्रद्धालु हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर पालिका अकलतरा के बगड़िया भवन में रविवार को जगतगुरु तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के प्रवचनों पर आधारित आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सत्संग में श्रीमद्भगवद्गीता के अध्याय 17 के श्लोक 23 में वर्णित 'ॐ तत सत' मंत्र के आध्यात्मिक अर्थ और उसके भेद पर प्रकाश डाला गया। इस दौरान श्रद्धालुओं को भक्ति के महत्व, मानव जीवन के उद्देश्य और पूर्ण परमात्मा की प्राप्ति के विषय में जानकारी दी गई। सत्संग में बताया गया कि भौतिक संसार में अर्जित धन-संपत्ति यहीं रह जाती है, जबकि भक्ति को जीवन की अनमोल संपदा बताया गया। मानव जीवन को दुर्लभ बताते हुए कहा गया कि इसका उद्देश्य केवल सांसारिक सुख-सुविधाओं और भोग-विलास तक सीमित नहीं है, बल्कि परमात्मा की प्राप्ति के लिए भक्ति करना भी है। इस दौरान बताया गया कि गृहस्थ जीवन में रहकर भी भक्ति की जा सकती है।



कार्यक्रम में आध्यात्मिक संदेशों के साथ समाजसेवा से जुड़े कार्यों की जानकारी भी दी गई। इनमें दहेज-मुक्त विवाह, रक्तदान शिविर, देहदान शिविर, 'अन्नपूर्णा मुहिम' के तहत जरूरतमंदों को राशन एवं स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने तथा 'मजबूर-किसान बचाओ अभियान' के अंतर्गत छोटे किसानों को निःशुल्क खाद और बीज वितरण जैसे कार्य शामिल बताए गए। आध्यात्मिक सत्संग कार्यक्रम में जगतदास महंत, रामचरण साहू, रोहित कंवर, संतोष दास मानिकपुरी, देवकुमार साहू, अजय कुमार साहू, क्रांतिदास, दुर्गेश साहू, गायत्री प्रसाद चंद्राकर, परमदास, ओमप्रकाश ओग्रे, संतोष कैवर्त और गुलशन रात्रे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

धर्मनगरी शिवरीनारायण में प्रतिदिन हो रही महानदी की महाआरती

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धर्मनगरी शिवरीनारायण में महानदी के चौपाटी घाट पर प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे भव्य महानदी महाआरती का आयोजन किया जा रहा है। 14 फरवरी 2026 से प्रारंभ हुई इस दिव्य महाआरती में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु शामिल होकर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कर रहे हैं।

■ हर शाम उमड़ रहे हजारों श्रद्धालु, मुख्यमंत्री सहित कई विशिष्ट अतिथि हो चुके हैं शामिल

श्रद्धा और भक्ति से सराबोर इस आयोजन ने शिवरीनारायण को धार्मिक पर्यटन के आकर्षक केंद्र के रूप में नई पहचान दिलाई है। महानदी के पावन तट पर सैकड़ों दीपों की जगमगाहट, शंखनाद, वैदिक मंत्रोच्चार और भव्य आरती का अलौकिक दृश्य श्रद्धालुओं को आकर्षित कर रहा है। महानदी महाआरती में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, श्रीमती कौशल्या साय, केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी तथा दीदी प्रज्ञा भारती सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल हो चुके हैं। 14 अक्टूबर को आयोजित विशेष महाआरती में इन अतिथियों की सहभागिता ने आयोजन की गरिमा बढ़ाई। वहीं, 16 अक्टूबर को वृंदावन धाम से पहुंचे सद्गुरु रितेश्वर महाराज के पावन सान्निध्य में भी भव्य महाआरती हुई। कलेक्टर, प्रभारी पुलिस अधीक्षक और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) सहित अनेक गणमान्य लोग भी इस आयोजन में शामिल हो चुके हैं। महानदी महाआरती की विशेषता यह है कि इसमें शामिल होने या मुख्य यजमान बनने के लिए किसी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाता। श्रद्धालुओं से केवल स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया जाता है। उन्हें प्रेरित किया जाता है कि महानदी सहित किसी भी नदी, तालाब, कुएं और अन्य जलस्रोतों में प्लास्टिक, डिस्पोजल अथवा कूड़ा-कचरा न डालें। इस तरह महाआरती धार्मिक आस्था के साथ नदी संरक्षण, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश भी दे रही है। नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे एक बार धर्मनगरी शिवरीनारायण पहुंचकर दिव्य एवं भव्य महानदी महाआरती के दर्शन अवश्य करें। उन्होंने इसे धार्मिक आस्था, आध्यात्मिक शांति और स्वच्छता से जुड़ी महत्वपूर्ण पहल बताते हुए लोगों से सहभागिता का आग्रह किया है। प्रतिदिन संध्या 6:30 बजे चौपाटी घाट पर होने वाली यह महाआरती श्रद्धालुओं को भक्ति से जोड़ने के साथ ही महानदी सहित सभी जलस्रोतों को स्वच्छ रखने की प्रेरणा दे रही है।



शिवरीनारायण में महाआरती करते श्रद्धालु।

कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन का चुनाव, जिला संयोजक बने परिहार

जांजगीर-चांपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की जिला शाखा जांजगीर-चांपा के निर्वाचन में विश्वनाथ परिहार (व्ही.एस. परिहार) को पुनः सर्वसम्मति से जिला संयोजक निर्वाचित किया गया। कर्मचारी भवन, केरा रोड जांजगीर में आयोजित निर्वाचन प्रक्रिया में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रांतीय पर्यवेक्षकों, जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। फेडरेशन के पदाधिकारियों ने एक बार फिर श्री परिहार के नेतृत्व पर विश्वास जताते हुए उन्हें जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी।

■ कर्मचारी भवन केरा रोड में हुआ निर्वाचन, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने पुष्पमालाओं से किया स्वागत

निर्वाचन प्रक्रिया में प्रांतीय पर्यवेक्षक के रूप में जी.आर. चंद्रा, प्रदेश समन्वयक, प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ; रोहित तिवारी, प्रदेश लिपिक वर्गीय कर्मचारी संघ; सुनील कौशिक, प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश शिक्षक संघ; रविंद्र राठौर, प्रदेश अध्यक्ष, सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन तथा रंजीत सिंह, संभागीय अध्यक्ष, वाहन चालक संघ उपस्थित रहे। विश्वनाथ परिहार के पुनः जिला संयोजक निर्वाचित होने पर विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्षों एवं प्रतिनिधियों ने पुष्पमालाओं से उनका स्वागत कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उपस्थित पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि श्री परिहार के नेतृत्व में फेडरेशन कर्मचारी-अधिकारी हितों की रक्षा, लंबित मांगों के निराकरण तथा संगठनात्मक एकजुटता को और अधिक मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही कर्मचारियों की समस्याओं को प्रभावी ढंग से शासन-प्रशासन के समक्ष रखने और उनके समाधान की दिशा में संगठन की भूमिका और सशक्त होगी। निर्वाचन कार्यक्रम में अर्जुन सिंह क्षत्रिय, डॉ. व्ही.के. पैगवार, यू.एस. राठिया, धर्मेन्द्र यादव, डॉ. रविन्द्र द्विवेदी, ओमप्रकाश राठौर, राजेश राठौर, प्रवीण राठौर, शत्रुघ्न राठौर, भुवनेश्वर देवांगन, निधिलता जायसवाल, शांति थवाईत, विकास सिंह, टी.के. टंडन, राधेश्याम कंवर, संजय तंबोली, रंजीत सिंह, एच.आर. सोनी, रामशरण सिंह सर्वा, जगन्नाथ श्रीवास, मनोज यादव, रामू भैना, तरुण राठौर एवं विशाल वैभव सहित विभिन्न कर्मचारी संगठनों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन विकास सिंह ने किया। स्वागत उद्बोधन विश्वनाथ परिहार ने दिया, जबकि आभार प्रदर्शन अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने किया।



पड़रिया हड़हा के त्रिकुटी धाम में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ कल से

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

क्षेत्र के पड़रिया हड़हा स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर त्रिकुटी धाम में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का आयोजन 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक किया जा रहा है। इस धार्मिक आयोजन में ग्राम भैंसों, पामगढ़ निवासी पंडित राजेंद्र प्रसाद शर्मा कथा व्यास के रूप में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समय प्रतिदिन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक तथा दोपहर 3 बजे से शाम 7 बजे तक निर्धारित किया गया है।

आयोजन के मुख्य अतिथि शिवरीनारायण मठ-मंदिर के महामंडलेश्वर राजेश्री महंत रामसुंदर दास महाराज होंगे। सप्ताहभर चलने वाले इस धार्मिक आयोजन में भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, भक्त प्रह्लाद के चरित्र, ध्रुव चरित्र, सुदामा चरित्र सहित श्रीमद्भागवत के विविध प्रसंगों का संगीतमय वर्णन किया जाएगा। आयोजन के प्रथम दिवस 27 अक्टूबर, मंगलवार को कलश यात्रा, देव आह्वान, स्थापना एवं पुराण पूजन के साथ ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ होगा। वहीं 3 नवंबर, मंगलवार को अवधूत उपाख्यान, कलियुग वर्णन, भगवान के स्वधाम गमन, परीक्षित मोक्ष एवं चढ़ोत्तरी का कार्यक्रम रखा गया है। श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ का समापन 4 नवंबर, बुधवार को तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन, सहस्त्रधारा एवं भंडारे के साथ होगा। सिद्ध श्री हनुमान मंदिर त्रिकुटी धाम के अध्यक्ष सीताराम यादव सहित करमहा पटेल, रामखिलावन वर्मा, सनत साहू, रामखिलावन यादव, धनुराम सोनी, शिवकुमार यादव, कमल किशोर, मनोज तिवारी, तेरस राम यादव एवं सदस्यगण ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण करने अपील की है।

भक्ति से सराबोर हुआ जैन मंदिर, आचार्य छत्तीसी विधान में समर्पित किए 36 अर्घ्य

गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को सदाचार की दिशा में आगे बढ़ने की देता है प्रेरणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

शरद पूर्णिमा के पावन अवसर पर नगर के जैन मंदिर में आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर महाराज एवं आचार्य श्री 108 समय सागर महाराज के अवतरण दिवस तथा निर्यापक श्रमण मुनि श्री 108 प्रसाद सागर महाराज के 30वें मुनि दीक्षा दिवस के उपलक्ष्य में गुरु उपकार महोत्सव श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया।

मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज एवं मुनि श्री शीतल सागर महाराज के मंगल सानिध्य में आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने भगवान की शांतिधारा कर आचार्य छत्तीसी विधान में 36 अर्घ समर्पित किए। मंदिर की ऊपरी बेदी पर मदन जैन, नित्या जैन, मनी जैन एवं हनी जैन पंडित परिवार तथा सुरेश जैन, मनोज जैन, रानू जैन एवं राज जैन को शांतिधारा का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं निचली बेदी पर मंगल चंद जैन, पवन जैन एवं निशा जैन कोक्षल परिवार तथा चंद्रगिरी तीर्थ क्षेत्र डोंगरगढ़ के ट्रस्टी एवं गुरु भक्त राजकुमार जैन और विमलेश जैन, भिलाई ने शांतिधारा कर भगवान के चरणों में श्रद्धा अर्पित की। आचार्य छत्तीसी विधान में श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर 36 अर्घ समर्पित किए तथा आचार्य भगवन के त्याग, तप, संयम और साधनामय जीवन से प्रेरणा लेने का संकल्प लिया। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्री प्रसाद सागर महाराज ने जीवन में गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने आचार्य भगवन श्री विद्यासागर महाराज के जीवन को त्याग, संयम, तपस्या और आध्यात्मिक साधना का प्रेरणास्रोत बताते हुए उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि गुरु का मार्गदर्शन व्यक्ति को आत्मचिंतन, सदाचार और आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। गुरु के प्रति सच्ची श्रद्धा उनके उपदेशों को आचरण में उतारने से सार्थक होती है। मुनि श्री 108 शीतल सागर महाराज ने कहा कि आचार्य विद्यासागर महाराज का जीवन त्याग, तपस्या, संयम और आत्मसाधना का अनुपम उदाहरण है। उनका जीवन संदेश देता है कि वास्तविक सुख बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि, संतोष और आध्यात्मिक उन्नति में निहित है। आयोजन में जैन समाज के बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्तिभाव से धार्मिक अनुष्ठानों में सहभागिता की।



पूजा अर्चना करती जैन समाज की महिलाएं।

